Title: Demand to provide protection to the Christian community in Gujarat.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, २५ तारीख को क्रिसमस आ रहा है। मुझे इन्फोर्मेशन मिली है कि गुजरात के डांग जिले में हिन्दू जागरण मंच नाम का एक संगठन है, इस संगठन के द्वारा वहां की क्रिश्चियन कम्युनिटी को धमकी देने का प्रयत्न हो रहा है।

मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि क्रिसमस क्रिश्चियन कम्युनिटी का प्रमुख त्यौहार है। हमारे देश में सैकुलरिज्म है। अगर हिन्दू धर्म का कोई त्यौहार आता है तो दूसरे धर्म के लोगों को उनको कोआपरेट करना चाहिए और अगर क्रिश्चियन कम्युनिटी का यह त्यौहार आ गया है तो क्रिसमस में सभी हिन्दू लोगों को भी सम्मिलित होने की आवश्यकता है। अगर कोई उनको धमकी देने का प्रयत्न करता है, कोई लॉ एण्ड आर्डर की समस्या निर्माण करने का प्रयत्न करता है तो केन्द्र सरकार की यह जिम्मेदारी है कि हमारे क्रिश्चियन समाज के लोगों को सुरक्षा देने के बारे में क्या राय है? यहां लॉ मिनिस्टर बैठे हैं, हम आपसे पूछना चाहते हैं कि क्रिसमस पर आप क्रिश्चियन कम्युनिटी को सुरक्षा देने वाले हैं या नहीं? मैं सवाल पूछना चाहता हूं, अगर यहां सरकार बैठी है तो इनको मुझे जवाब देना चाहिए।

... (व्यवधान) <